संख्या-1/49/41-2014-76/2005

प्रेषक,

श्याम मोहन तिवारी,
अनुसचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा मे,

महानिदेशक,
पर्यटन,
उ0प्र0, लखनऊ ।

पर्यटन अनुभाग **लखनऊ:: दिनांक:: 20 फरवरी, 2014**

विषय: जनपद संतकबीर नगर में मगहर महोत्सव हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्रांक-2027/15-1-1286/टी0टी0/13, दिनांक-02.01.2014 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय जनपद संतकबीरनगर में 'मगहर महोत्सव' के आयोजन हेतु रू0-25.00 लाख (रूपये पच्चीस लाख मात्र) की धनराशि निम्नांकित शर्तो के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

1. स्वीकृत की जा रही उपर्युक्त धनराशि का उपयोग इसी वित्तीय वर्ष में किया जायेगा व अवशेष धनराशि नियमानुसार समर्पित कर दी जायेगी।
2. वित्तीय वर्ष 2012-13 में स्वीकृत धनराशि की आडिट रिपोर्ट की अद्यतन स्थिति से शासन को अवगत कराते हुए वर्तमान में स्वीकृत की जा रही धनराशि की आडिट रिपोर्ट ससमय उपलब्ध करायी जायेगी।
3. उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय नियमानुसार सुसंगत नियमों एवं मितव्ययता सम्बन्धी शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।
4. उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका एवं बजट मैनुअल का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा और जहॉ कहीं भी आवश्यक हो तो व्यय किये जाने से पूर्व शासन की अनुमति प्राप्त की जायेगी।
5. इस शासनादेश में उल्लिखित शर्तो का अनुपालन विभाग में कार्यरत वित्त नियंत्रक द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। यदि निर्धारित शर्तो का किसी प्रकार विचलन हो तो सम्बन्धित वित्त नियंत्रक का दायित्व होगा कि उनके द्वारा पूर्ण विवरण सहित सूचना तत्काल शासन को उपलब्ध करायी जाय।

http://srsandesh.up.nic.in

6. उक्त स्वीकृति के फलस्वरूप होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2013-2014 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-44 के लेखाशीर्षक-3452-पर्यटन-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-आयोजनेत्तर-05-मगहर महोत्सव का आयोजन-20 सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) के नामे डाला जायेगा।

यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या-ई-7-248/दस-2014, दिनांक-20 फरवरी, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किए जा रहे हैं।

भवदीय,

श्याम मोहन तिवारी
अनुसचिव

<u>संख्या-1/49 (1)/41-2014 तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट) उत्तर प्रदेश, सत्यनिष्ठा, भवन, 15-ए, दयानन्द मार्ग, इलाहाबाद।
2. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
4. जिलाधिकारी, संतकबीरनगर।
5. उपनिदेशक, पर्यटन, गोरखपुर।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
7. श्री राजा राम, वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे वेब-साइट पर अंकित करना सुनिश्चित करें।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

श्याम मोहन तिवारी
अनुसचिव

http://shasanadesh.up.nic.in